NBT
नवभारत टाइम्स

फैक्ट्री लगाकर बना रहे थे नकली टैबलेट और कैप्सूल

प्रमुख संवाददाता, नई दिल्लीफैक्ट्री लगाकर नकली दवाइयां बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन्हें दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ...

Navbharat Times | Updated: 18 Mar 2018, 08:00:00 AM IST

प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली

फैक्ट्री लगाकर नकली दवाइयां बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन्हें दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को सूचना के आधार पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट साइड पार्सल यार्ड से पकड़ा। उस वक्त इनके पास 39 हजार से अधिक पैन-डी के नकली कैप्सूल थे। बाद में इनकी निशानदेही पर लाखों भरे और खाली कैप्सूल, टैबलेट और इनके कवर आदि बरामद किए गए। दिल्ली में ये लोग किराड़ी में फैक्ट्री चला रहे थे। फैक्ट्री से 11 हजार कैप्सूल और 30 हजार टैबलेट बरामद हुईं।

जॉइंट पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पांडव नगर का रहने वाला अशोक कुमार (42) और फरीदाबाद निवासी बिजेंद्र सिंह (55) हैं। दोनों एक-दूसरे के संपर्क में 2016 में आए थे। इसके बाद ही उन्होंने नकली दवाइयां बनाने की फैक्ट्री लगाई थी। नकली दवाइयों को ये लोग दिल्ली-एनसीआर, बिहार और वेस्ट बंगाल में बेचते थे। बाकायदा नकली दवाइयों को रेलवे पार्सल से भी भेजा जाता था।

अधिकतर दवाइयां गैस, कब्ज और दर्द आदि के लिए बनाई जा रही थीं। इन्हें पकड़ने के लिए डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश देव, एसीपी जसबीर सिंह, इंसपेक्टर नीरज चौधरी और एसआई संदीप यादव आदि की टीम बनाई गई थी। पुलिस ने बताया कि इनमें मास्टर माइंड अशोक कुमार है जबकि बिजेंद्र मशीनें चलाने और उनकी मरम्मत करने का एक्सपर्ट है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/delhi/other-news/fake-tablet-and-capsules-were-made-by-using-the-factory/articleshow/63347890.cms?utm_source=facebook.com&utm_medium=referral